13 Ambikapur-BHOOMI-pg 1-0_Layout 1 5/13/2024 10:00 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 14 मई 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



3 विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बने संयुक्त संवेदना योजना के सदस्य

प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

## सीबीएसई 12 वीं बोर्ड में हासिल किया सर्वाधिक 98.2 प्रतिशत अंक, प्राचार्य देंगे तीन वर्षों तक स्कॉलरशिप

# कोविड काल में पिता के निधन के बाद मां ने संभाला परिवार, बेटे निलय ने सरगुजा संभाग में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


**खास बात**

- सीबीएसई ने जारी किए परीक्षा परिणाम, छात्राओं के साथ साथ छात्रों ने किया नाम रौशन

सोमवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए है। परीक्षा में छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। खास बात है कि सीबीएसई बोर्ड में में बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी है जिन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। आज जैसे ही परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। खास बात यह है कि परीक्षा में सीबीएसई बोर्ड से ओरिएंटल पब्लिक स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र निलय चौधरी ने संभाग में सर्वाधिक 98.2 प्रतिशत अंक हासिल करने में सफलता हासिल की है जबकि ओपीएस की छात्रा रुबीना परवीन ने कक्षा 10वीं में 96.6 प्रतिशत अंक हासिल किया है। संभाग में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले छात्र निलय का सपना आईआईटी में जाने का है। निलय ने पिता के निधन उपरान्त कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल की है। स्कूल प्रबंधन की ओर से प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी ने आगामी तीन वर्षों तक निलय को स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई है। बता दें कि सोमवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड के परिणाम घोषित किए गए है। परीक्षा में सीबीएसई के छात्र छात्राओं का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा। इस बीच ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 12 वीं के छात्र अजिरमा निवासी निलय चौधरी ने सर्वाधिक 98.2 अंकों के साथ संभाग में सर्वाधिक अंक हासिल किया है। निलय ओपीएफ में गणित विषय लेकर पढ़ाई कर रहे थे। निलय के पिता गोरेलाल चौधरी का निधन वर्ष 2021 में कोरोना काल के दौरान हुआ था और उसके बाद उनकी माता श्रीमती राममूर्ति चौधरी ही परिवार को संभाल रही है। हरिभूमि से बातचीत के दौरान छात्र निलय ने बताया कि उनकी एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है और इसी से उनका परिवार चलता है। पिता के निधन के बाद कक्षा 9वीं में उनकी पढ़ाई प्रभावित हुई लेकिन फिर मां ने परिवार को संभाला और कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड में उन्होंने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल किया था वहीं 12वीं बोर्ड में उन्होंने पुनः सर्वाधिक 98.2 प्रतिशत अंक हासिल किया है। इसमें भी गणित विषय में उन्होंने 97 अंक हासिल किया है। निलय फिलहाल जेईई एडवांस की तैयारी कर रहे है और आगे चलकर आईआईटी में जाना चाहते है। उन्होंने बताया कि स्कूल में शिक्षकों द्वारा जो भी पढ़ाया गया वो काफी था और उन्हें घर पर अधिक मेहनत करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। उन्होंने सफलता का श्रेय माता व शिक्षकों को दिया है। वहीं सीबीएसई द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में 12वीं बोर्ड में 8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। इसी तरह रोशनी सिंह 94.8 प्रतिशत, भारती यादव 94 प्रतिशत, अंचला विश्वकर्मा 90.8 प्रतिशत, अंजली कश्यप 90.8 प्रतिशत, निशा यादव 90.4 प्रतिशत, श्रेयांश श्रीवास्तव 90.2 प्रतिशत, क्रिश सिंह 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।



परिजन के साथ निलय।



### ओपीएस से 10वीं बोर्ड में रुबीना ने हासिल किया 96.6 प्रतिशत अंक



सीबीएसई द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में ओरिएंटल पब्लिक स्कूल से कक्षा 10वीं के छात्र छात्राओं ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। परीक्षा में विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थी इस परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिनमें 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। 10वीं बोर्ड सीबीएसई में शहर के नवागढ़ निवासी मोहम्मद फिरोज व शमा परवीन की पुत्री रूबीना परवीन ने स्कूल में सर्वाधिक 96.6 प्रतिशत अंक हासिल किया है। इसी तरह अवनीत भाटिया 96.2 प्रतिशत, अंजली सिंह पैकरा 96 प्रतिशत, पूर्वी साहू 96 प्रतिशत, अनुपमा प्राधान 94.2 प्रतिशत, अरसिल अजिम 92.6 प्रतिशत, निहारिका गुप्ता 91.4 प्रतिशत, बबिता यादव 90.6 प्रतिशत, नैतिक गुप्ता 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने अभिभावक, स्कूल के शिक्षकों तथा ओपीएस के शैक्षणिक वातावरण को दिया हैं। प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए इन बच्चों तथा इनके माता-पिता एवं अपने स्कूल के शिक्षकों को बधाई देते हुए इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### होली क्रॉस का परिणाम रहा शतप्रतिशत



सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शहर के होली क्रॉस स्कूल के बच्चों का परीक्षा परिणाम भी शतप्रतिशत रहा है। होली क्रॉस कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12 वीं से बोर्ड परीक्षा में कुल 181 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया और शत प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। 12वीं बोर्ड में शशांक गोंड ने स्कूल में सर्वाधिक 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। इसी तरह प्रियांशी अग्रवाल और निशा डागा ने 95.2 प्रतिशत अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया जबकि कीर्ति विश्वकर्मा ने 94.8 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार कक्षा 12वीं में कुल 28 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 108 है। 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों की संख्या 169 है तथा 180 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की है। सिर्फ एक छात्र द्वितीय श्रेणी से परीक्षा में उत्तीर्ण रहा। कोई भी छात्र परीक्षा में पूरक नहीं आया है।

### होली क्रॉस में 10वीं बोर्ड से शबा फातिमा ने किया टॉप



सीबीएसई द्वारा जारी किए गए परीक्षा परीक्षा में 10वीं बोर्ड में भी होली क्रॉस स्कूल के छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। स्कूल का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा और स्कूल की शबा फातिमा ने 96.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है जबकि वृष्टि पांडे 96 प्रतिशत अंको के साथ दूसरे स्थान पर रही। दीपाली केरकेटटा 95.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय के कुल 248 विद्यार्थी 10 वीं की परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें से 31 छात्र 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। 80 प्रतिशत और उससे अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 132 है और 70 प्रतिशत व उससे अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 199 है। इस प्रकार कुल संख्या में से 230 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया और द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 18 है।

### कार्मेल की अंशिका ने हासिल किया 12 वीं बोर्ड में 95.8 प्रतिशत



सीबीएसई द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में कार्मेल स्कूल ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कार्मेल स्कूल में कक्षा 12वीं में विद्यालय के कुल 145 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया था और परीक्षा का परिणाम शतप्रतिशत। रहा परीक्षा में 12वीं बोर्ड से वाणिज्य संकाय की अंशिका सिंह ने 95.8 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर वाणिज्य संकाय के सिद्धार्थ जायसवाल 94.6 प्रतिशत, तृतीया स्थान पर वाणिज्य संकाय के शुभ जालान एवं जीव-विज्ञान संकाय के दिव्यांशु गुप्ता ने 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ हासिल किया। स्कूल में चतुर्थ स्थान पर वाणिज्य संकाय से मनीषा कुशवाहा 94 प्रतिशत और पांचवें स्थान पर वाणिज्य संकाय के शिक्षा सोनी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 12वीं में कुल 14 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक, 44 विद्यार्थी 89.9 से 80 प्रतिशत के बीच, 52 विद्यार्थी 79.9 से 70 प्रतिशत के बीच, 31 विद्यार्थी 69.9 से 60 प्रतिशत के बीच और 4 विद्यार्थी 59.9 से 50 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किया।

### अक्षरा ने हासिल किया 97.6 प्रतिशत अंक



सीबीएसई 10वीं बोर्ड में भी कार्मेल स्कूल का परीक्षा शतप्रतिशत रहा। स्कूल में 10 वीं बोर्ड में कुल 205 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। 10 वीं बोर्ड में स्कूल की अक्षरा वर्मा ने सर्वाधिक 97.6 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में पहला स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही अवनि गुप्ता 95.6 प्रतिशत, आयुषी सिंह चंदेल 95.4 प्रतिशत, भविष्य गुप्ता एवं जयंत सिन्हा 95.2 प्रतिशत तथा अनय श्रीवास्तव 94.6 प्रतिशत अंक हासिल किया। 10वीं में कुल 28 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक, 54 विद्यार्थी 89.9 से 80 प्रतिशत के बीच, 66 विद्यार्थी 79.9 से 70 प्रतिशत के बीच, 43 विद्यार्थी 69.9 से 60 प्रतिशत के बीच और 14 विद्यार्थी 59.9 से 50 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर ट्रीसा ने विद्यार्थिओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों व उनके अभिभवकों को शुभकामनायें दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### शहर के निकट सकालो जंगल में पहुंचा दंतैल

**अम्बिकापुर।** शहर से सटे सकालो जंगल में अकेले दंतैल के पहुंचने से वन अमला सतर्क हो गया है। दंतैल पिछले पांच दिनों से सीमावर्ती प्रतापपुर जंगल से आना-जाना कर रहा है। वनकर्मियों की सतर्कता के कारण दंतैल ने अब तक कोई क्षति नहीं पहुंचाई है। गुरूवार को सकालो जंगल में दंतैल के पहुंचने की सूचना मिली थी जिसके बाद वनकर्मी व हाथी मित्रदल के सदस्य उसकी 24 घंटे निगरानी कर रहे है। दंतैल कभी सीमावर्ती प्रतापपुर जंगल तो कभी सकालो जंगल में पहुंच जाता है। पास में घनी आबादी होने के कारण खतरे को देखते हुए वनकर्मी उसकी 24 घंटे निगरानी कर रहे है। वन मण्डलाधिकारी तेजस शेखर ने बताया कि वयस्क होने के कारण हाथी आबादी क्षेत्र से दूर रहा है। शहर के निकट दंतैल के मौजूद होने के कारण उसकी नियमित निगरानी की जा रही है।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल प्रतापपुर में पात्र अपात्र सूची जारी

**प्रतापपुर।** प्राचार्य केबी यादव ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024 - 25 हेतु कक्षा पहली से 9 वीं तक के लिए पात्र अपात्र सूची जारी कर दी गई है। अपात्र आवेदकों के लिए दावा आपत्ति के लिए 13 से 15 मई तक समय निर्धारित की गई है।

# मारपीट से घायल होटल व्यवसायी की दो माह बाद मौत

- आक्रोशित लोगों ने थाने के सामने शव रखकर किया प्रदर्शन



**सूरजपुर।** मारपीट से घायल हुए होटल व्यवसायी की रायपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से नाराज नगर के लोगों ने पटना थाने के सामने शव को रख आरोपियों की गिरफ्तार करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। वहीं पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। जानकारी के अनुसार नगर के मानपुर निवासी होटल व्यवसायी दिलकेश्वर साहू आ.धनुकधारी (48 वर्ष) लगभग दो माह पूर्व अपने किसी रिश्तेदार के विवाह कार्यक्रम में शामिल होने 5 मार्च को जिला कोरिया के ग्राम रनई गए थे। परिजनों का आरोप है कि बारात के दौरान दिलकेश्वर साहू के साथ मारपीट किया गया था जिसकी शिकायत पटना थाने में किया गया था एवं इलाज के लिए डॉक्टर द्वारा रायपुर रेफर किया गया था। रायपुर में इलाज के दौरान दिलकेश्वर साहू की 12 मई को मौत हो गई। परिजन सहित नगर के लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए थाना पटना के सामने शव को रख कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर धरना प्रदर्शन किया। परिजन ने कहना था कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा तब तक दाह संस्कार के लिए शव नहीं लेकर जाएगे। साथ ही पटना पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इधर थाने के सामने शव रखकर धरना प्रदर्शन करने की जानकारी लगते ही एडिशनल एसपी कविता ठाकुर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एएसपी ने कविता ठाकुर ने कहा कि आरोपियों को गिरफ्तार करने पुलिस टीम रवाना हो गई है। पूरा मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आ चुकी है और मामले की जांच कर कर जो भी दोषी होगा उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के आश्वासन पर परिजन द्वारा दोपहर तक धरना समाप्त किया गया।

ORIENTAL PUBLIC SCHOOL
Hills Park, Ambikapur(C.G)
English Medium
Co-ed, Affiliated to CBSE, Delhi
Classes Run - LKG to XII (Science, Commerce & Arts)
Give your child an edge over others.......
OPS is the eden of Knowledge
ADMISSION OPEN for Class-XI (Science, Comm. & Arts) for 2024-25
Join our prestigious institution and unlock boundless opportunities for growth and success. Our expert faculty, state-of-the-art facilities, Lush-green campus and with 34 years of holistic approach to education ensure a transformative learning experience. Enroll now to secure your future and be part of a vibrant community dedicated to excellence.
Rush for Admission in OPS
Contact School For Enquiry:
Ph-07774-227522 (O)
Mo.-7000723398 (O), 9669684086 (S)
Principal
Nilay Chaudhary
(Topper XII - 98.2%)

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरुआत!
GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute
Congratulations...
Passed in 10th & 12th C.B.S.E. Board
50% Scholarship for Top-10 Rank Achieved in C.G. / CBSE Board's 10th & 12th Exam Result
GOAL's Result - CLASS - 12th
91% ISHIKA CHAKRABORTY S.S.V., Sec.10
87% BHAGYASHREE K.C.P.S., Kurud
84% SHREYA DEWANGAN SIKHAR ACADEMY, SAJA
83% SUKHLEEN KOUR
82% NIKET KATARIA MAA SHARDA PUB. SCH.
78% SUMIT KUMAR INDU I.T., Kurud
Ishika Chakraborty With Parents
78% ROUNAK CHOPRA S.P.C., Chandkuri
76% SANSKRITI PM SHRI KEN. Vidya. Durg
75% RITIKA SAHU D.A.V., Hudco
74% MO. ANIK KHAN D.A.V.P.S., Jamul
72% SHUBHAM D.A.V.P.S, Hudco
67% SHRADDHA Mile Stone Academy, Durg
60% DUSHYANT A.S.P.S., Dhanora
CLASS - 10th
80% AANJANEY DUBEY S.S.V., Sec.10
76% TRIPTI SAHU M.V.N., Risali Sec.
DROPPER BATCH & 9th | 10th | 11th | 12th
NEET / JEE Admission Open...
1st Batch - 17th May / 2nd Batch - 24th May
BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711

UGC Approved
KK MODI UNIVERSITY
Backed by $1.5 BILLION MODI GROUP
GODFREY PHILLIPS | INDOFIL INDUSTRIES LIMITED | Modicare | COLORBAR
ADMISSION OPEN
Avail Up To 100% SCHOLARSHIP On The Basis Of 12th Result
30 SEATS IN EACH BATCH ONLY
APPLY NOW
Avail Early Bird Scholarship 25% Before 30th May
B.TECH (CSE)
Artificial intelligence and Machine Learning | Computer Science Engineering
Cloud Computing and Virtualization
Cyber Security & Digital Forensics
Healthcare informatics
Information Technology.
B.DES COMMUNICATION DESIGN
Graphics/ Animation & VFX | UI/UX Design
Film/Video/Photography Design
M.COM (H)
Accounts & Finance | Financial & Stock Markets Analysis
M.TECH
Artificial Intelligence & Machine Learning
Cloud Computing & Virtualization
Cyber Security| Full Stack Development
UI/UX | IOT | Image Processing DevOps.
BBA
Digital Marketing | Marketing
Mass Media | Direct Sales & Marketing
Entrepreneurship | Hospital Management | Hotel Management
Human Resource Management
Business Analytics | Supply Chain Management | Finance
Family Business.
B. DES
Interior Design | Jewellery Design
Fashion Design
MBA | E-MBA
Business Analytics | Digital Marketing
Entrepreneurship | Finance
Hospital Management
Hotel Management | HRM | Mass Media Marketing | Supply Chain Management
B.COM (H)
Accounts & Finance | Company Law
Financial & Stock Market Analysis
Entrepreneurship | Banking & Financial Analysis | Practical Accountancy
BCA
Data Analytics | Mobile Computing
MCA
Data Analytics | Mobile Computing
INTEGRATED
BBA+MBA | B.TECH+MBA
B.TECH+M.TECH
B.Sc IN NUTRITION & DIETETICS
BACHELORS IN TOURISM & TRAVEL MANAGEMENT.
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AC BUS FACILITY AVAILABLE FROM RAIPUR, BHILAI-DURG AND RAJNANDGAON
78800-57570
info@kkmu.edu.in
www.kkmu.edu.in
Mahamara, Jalbandha Road, Durg, Chhattisgarh
Deepak Advertisers



# अनूप हुए डीपफेक का शिकार लाखों लोगों ने देखा फर्जी वीडियो

**मुंबई।** डीपफेक वीडियोज के वायरल होने का सिलसिला रुक नहीं रहा। एआई की मदद से उनकी फोटो और आवाज को कॉपी कर भ्रामक संदेश फैलाए जा रहे हैं। अब अभिनेता अनूप सोनी इसका शिकार हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका एक डीपफेक वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह आईपीएल का सट्टा लगाने की बात कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने डीपफेक वीडियो को लेकर चेतावनी जारी की है। अनूप ने एक बयान में कहा, 'यह पूरी तरह से फर्जी वीडियो है, और हम सभी को सतर्क रहना होगा कि इन दिनों चीजों को कैसे और किस हद तक हेरफेर किया जा रहा है। अनूप सोनी के इस फर्जी वीडियो पर लाखों व्यूज आए हैं।

## लाइफ Style



# जान्हवी

## 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जान्हवी कपूर अपनी आगामी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेड माही' का पहला ट्रेलर रिलीज हो चुका हैं। इसके ट्रेलर को स्टार स्पोर्ट्स हिंदी और यूट्यूब पर कुछ ही घंटों पहले रिलीज किया गया था।

साथ ही फिल्म के इस वीडियो को जान्हवी कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है। इसके वीडियो को देखकर फैंस बेहद उत्साहित हो गए हैं। 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज होते ही जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की केमिस्ट्री ने एक बार फिर से दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस फिल्म से पहले दोनों ने फिल्म 'रूही' में एक साथ काम किया था। इस फिल्म में इन दोनों की जोड़ी को फैंस ने बेहद पसंद किया था। मिस्टर एंड मिसेज माही में दोनों को फिल्म में अपने सपनों और फर्ज के बीच जूझते हुए दिखाया गया है।


मिसेज माही को क्रिकेटर बनने के लिए मिस्टर माही अपने परिवार से भी बगावत कर बैठते है। फिल्म का ट्रेलर जैसे ही जान्हवी ने अपने अकाउंट इंस्टाग्राम पर साझा किया तभी से फैंस के कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। एक फैन ने लिखा, 'फिल्म को देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता।' एक यूजर ने लिखा, ''ट्रेलर में ही पूरी फिल्म की कहानी क्यों दिखा दी।'' एक और फैन ने लिखा, 'इस पूरे गाने को सुनने के लिए बेकरार हूं।'

## हॉलीवुड मसाला




# कान्स में होगी 'कूकी' की स्क्रीनिंग

**लॉस एंजेलिस।** असम में बनी हिंदी फीचर फिल्म 'कूकी' की कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में स्क्रीनिंग होगी, जो 28 जून को रिलीज होगी। 'कूकी' की स्क्रीनिंग 21 मई को पैलेस एच में होने वाली है। निर्माता जुनमोनी देवी खौंड ने कहा, 'मैं अपनी पहली फीचर फिल्म 'कूकी' को प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित करने का अवसर पाकर बेहद सम्मानित और आभारी हूं। यह प्लेटफॉर्म न केवल सिनेमाई कला का जश्न मनाता है, बल्कि उन आवाजों को भी बुलंद करता है जो जरूरी वैश्विक मुद्दों पर बोलने का साहस करती हैं।'



# जस्टिन बीबर-हैली के घर जल्द गूंजेगी किलकारी

**लॉस एंजेलिस।** इंटरनेशनल पॉप सिंगर जस्टिन बीबर अपने शानदार गानों की बदौलत अपने करोड़ों फैंस के दिलों पर सालों से राज करते आ रहे हैं। अपने गानों के साथ साथ बीबर अपनी निजी लाइफ को लेकर भी काफी बिजी में रहते हैं। हाल ही में सेलेब्रिटी सिंगर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक खुशखबरी देते हुए बताया है कि उनके घर में जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। जस्टिन बीबर की पत्नी और मॉडल हैली बीबर जल्द ही मां बनने जा रही है। इस बात का खुलासा जस्टिन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो के जरिए ये खुशखबरी साझा की है। इस वीडियो के आते ही दुनिया भर में जस्टिन के फैंस और दूसरे सेलेब्रिटीज की बधाइयों का तांता लग गया है।



# बच्चे तो होंगे ही कभी ना कभी ...


**मुंबई।** दो साल की दोस्ती के बाद, अंकिता लोखंडे और विक्की जैन ने 2018 में डेटिंग शुरू की। अंकिता-विक्की ने अप्रैल 2021 में पारंपरिक तरीके से शादी की। अंकिता ने अक्सर मां बनने की इच्छा जाहिर की है। बिग बॉस 17 में जब वह आई थीं तब भी उन्हें प्रेग्नेंसी टेस्ट करवाया था। शो में कई बार उनके प्रेग्नेंट होने की अटकलें लगीं। शो से बाहर आने के बाद भी उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए गए, लेकिन सब सिर्फ अफवाह साबित हुई। अंकिता लोखंडे ने खुलासा किया कि वह और विक्की अक्सर बेबीज को लेकर चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम हमेशा बेबीज के बारे में बात करते हैं। जब मुझसे बच्चे पैदा करने की इच्छा के बारे में पूछा जाता है तो मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं होता। बच्चे तो होंगे ही कभी ना कभी।'



# खौफनाक गुफा में शूट की थी गुना

**मुंबई।** 'फिल्मी फ्राइडे' में कमल हासन की उस फिल्म की कहानी जानिए, जिसके कारण गुना गुफाएं और उनकी दहशत की कहानी दुनियाभर में छा गई थी। कमल हासन को चेतावनी दी गई थी कि वह 'गुना' की शूटिंग वहां न करें। कमल हासन की 33 साल पुरानी इस फिल्म से चर्चा में आई थी डरावनी गुना गुफा। कमल हासन ने शूट के वक्त सड़क बनवाई थी। 'फिल्मी फ्राइडे' में उस फिल्म की कहानी बताने जा रहे हैं, जिसके कारण खतरनाक गुना गुफाएं चर्चा में आ गईं। इसी फिल्म से प्रेरणा लेकर हाल ही मलयालम फिल्म 'मंजुम्मेल बॉयज' बनाई गई। 22 फरवरी को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को पब्लिक डिमांड पर हाल ही ओटीटी पर हिंदी समेत अन्य भाषाओं में डब करके रिलीज किया गया।

## टीवी मसाला



# माधुरी के लिए एक्शन अवतार में आए सुनील

**नई दिल्ली।** सुनील शेट्टी और माधुरी दीक्षित इन दिनों छोटे पर्दे के शो डांस दीवाने में बतौर जज नजर आ रहे हैं। इस शो को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। इस बीच मेकर्स ने शो का एक धमाकेदार नया प्रोमो जारी किया है। इसमें अभिनेता एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं। कलर्स टीवी की ओर से हाल ही में साझा किए गए इस वीडियो में दो लोग माधुरी का अपहरण करते नजर आते हैं। वहीं, अभिनेत्री जोर जोर से चिल्लाती नजर आ रही हैं। तभी नाटकीय ढंग से सुनील शेट्टी की एंट्री होती है और वे माधुरी को बचाकर उन्हें अपने साथ लेकर चले जाते हैं। इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा था, 'माधुरी से मुलाकात करने के लिए सुनील को करनी पड़ी मुक्का-लात।' इसके अलावा एक अन्य प्रोमो वीडियो में सुनील शेट्टी माधुरी को उपहार देते नजर आते हैं। सुनील शेट्टी जल्द ही एक एक्शन से भरपूर फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वे वेलकम टू द जंगल में भी काम कर रहे हैं। यह मल्टीस्टारर फिल्म इसी साल के आखिर में रिलीज होने वाली है। वहीं, माधुरी दीक्षित को आखिरी बार फिल्म मजा मा में देखा गया था। यह फिल्म सीधा ओटीटी पर रिलीज हुई थी।

## अनुपमा में नहीं होगी तोषू की मौत

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'अनुपमा' ट्रेंड में बना हुआ है। दरअसल, शो में आ रहे ट्विस्ट और शो के कलाकारों की वजह से लोग सोशल मीडिया पर इस शो के बारे में बातें कर रहे हैं। शो में तोषू का किरदार निभाने वाले



अभिनेता आशीष मेहरोत्रा के जाने के बाद लोग कह रहे हैं कि 'अनुपमा' में तोषू की मौत हो जाएगी। कुछ लोगों का मानना है कि मेकर्स तोषू को उसके कर्मों की सजा देंगे और उसका एक्सीडेंट हो जाएगा। हालांकि, इसी बीच दावा किया जा रहा है कि आशीष मेहरोत्रा की जगह मेकर्स किसी और को तोषू बनाकर लेकर आने वाले हैं। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, आशीष मेहरोत्रा की जगह अब गौरव शर्मा तोषू के किरदार में नजर आएंगे। बता दें, गौरव शर्मा इससे पहले 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में नजर आ चुके हैं। उन्होंने समृद्धि शुक्ला, गर्विता साधवानी और रोहित पुरोहित के शो में कैमियो किया था। उन्होंने राजन शाही के इस शो में युवराज का किरदार निभाया था।

# 'कान फिल्म फेस्टिवल' का आयोजन कल से...

**लॉस एंजिलिस।** 'कान फिल्म फेस्टिवल' का आयोजन इस साल 14 मई से 25 मई के बीच किया जा रहा है। यह 'फेस्टिवल' 70 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। यह सिनेमा की दुनिया के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित आयोजनों में से एक है। 'कान फिल्म फेस्टिवल' में विश्व भर के कलाकार अपने फैशन और हुस्न का जलवा बिखेरते हुए नजर आते हैं। इस बार 'कान फिल्म महोत्सव' 14 मई से 25 मई के बीच मनाया जाएगा। आइए जानते हैं




### बेहतरीन फिल्मों का किया जाता है चयन

विश्वभर में प्रतिष्ठित इस समारोह का आयोजन हर साल मई महीने में फ्रांस के कान्स शहर में होता है। इसकी शुरुआत साल 1946 में हुई थी। इस समारोह में साल की सबसे बेहतरीन फिल्म का का चयन किया जाता है और उसका जश्न मनाया जाता है। यह विश्व भर के निर्देशकों, निर्माताओं, कलाकारों और फिल्मी दुनिया की हस्तियों के मिलने का एक स्थान भी बन गया है। 'कान फिल्म फेस्टिवल' अपने रोचक और शानदार आयोजनों के लिए प्रसिद्ध है। यह फिल्मी दुनिया से जुड़े कई तरह के आयोजन कराता है। लोग अपनी फिल्म और फैशन का प्रदर्शन इस समारोह में करते हैं। यहां पर हम 'कान फिल्म फेस्टिवल' में होने वाले कुछ प्रमुख आयोजनों के बारे में बताने जा रहे हैं।

# मातृ दिवस पर फिल्मी सितारों ने लुटाया मां पर प्यार

**मुंबई।** रविवार 12 मई को पूरे विश्व में मातृ दिवस मनाया गया। इस दिन लोग अपनी मां के प्रति विशेष प्रेम और सम्मान प्रकट करते हैं। इस विशेष अवसर पर हिंदी सिनेमा के सितारों ने अपनी मां के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं जाहिर की हैं।

***संजय दत्त :*** हिंदी सिनेमा के अभिनेता संजय दत्त ने अपनी मां दिग्गज अभिनेत्री




'नरगिस' की पुरानी तस्वीर साझा करते हुए उनके प्रति अपने प्रेम और सम्मान को जाहिर किया है। उन्होंने पोस्ट कर लिखा, 'उस महिला को 'मदर्स डे' की हार्दिक शुभकामनाएं, जिसने मुझे बिना शर्तों के और करुणा के साथ रहना सिखाया। मां तुम्हारी आत्मा मेरे दिल में बसे प्यार में रहती है। सभी चीजों के लिए धन्यवाद! आपको ढेर सारा प्यार!'

***बाबिल खान :*** दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान ने भी अपने माता -पिता के साथ



कुछ तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में अभिनेता इरफान खान और उनकी मां दिख रही हैं। पोस्ट कर उन्होंने लिखा, 'सुतापा सिकदर के बिना कोई इरफान नहीं होता। सुतापा सिकदर के बिना कोई अयान नहीं होता। अगर सुतापा सिकदर नहीं होती तो कोई बाबिल नहीं होता। हर दिन मातृ दिवस है।'

***टाइगर श्रॉफ :*** अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी मां के साथ अपनी तस्वीर साझा की है। साझा की तस्वीरों में वह बहुत



खुश नजर आ रहे हैं। स्टोरी में उन्होंने लिखा, 'मातृ दिवस की शुभकामनाएं।'

***हेमा मालिनी :*** दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपने एक्स अकाउंट पर मां के साथ कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने अपनी मां के लिए एक लंबा-चौड़ा नोट लिखा। उन्होंने लिखा, मां वह है जो सभी की जगह ले सकती है, लेकिन मां की जगह कोई नहीं ले सकता।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं अपनी मां के प्रति विशेष आभार व्यक्त करती हूं, जो जीवन भर मेरे लिए चट्टान की तरह खड़ी रहीं और



जिन्होंने वर्षों तक मेरे भाग्य को आकार दिया। वह मुझ पर नजर रखती हैं और ऊपर से मेरा मार्गदर्शन करती रहती हैं। अम्मा को धन्यवाद।'

## वो मांएं, जिनके लिए 'हैवान' बने बेटे...

# किसी ने हड़पी संपत्ति तो किसी ने मां को पीटकर मार डाला

*मुंबई। कहते हैं कि मां भगवान का रूप होती है। मां के आंचल में स्वर्ग का अहसास होता है। एक मां अपनी औलाद को सुख देने और हर दुख से बचाने के लिए जो कुर्बानी देती है, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। मां का ऋण तो कोई औलाद जन्मों-जन्मों में भी नहीं चुका सकती। लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में कुछ मांएं बदनसीब रहीं। माओं ने अपनी जिन औलादों को कोख में 9 महीने तक रखा, अपने खून से सींचा, उन्होंने ही उन्हें मौत के मुंह तक धकेल दिया। कुछ ने संपत्ति के चक्कर में मां को घोर यातनाएं दीं तो किसी ने अपनी ही मां को पीट-पीटकर मार डाला।*

**निरूपा रॉय :** सबसे पहले बात करते हैं बॉलीवुड की सबसे चहेती मां रहीं एक्ट्रेस निरूपा रॉय की। जिस एक्ट्रेस ने फिल्मी पर्दे पर मां का दर्दभरा रूप दिखाया, जिसे देख दर्शकों की भी आंखें नम हो जाती थी, उसी को अपने ही बेटों के हाथों टॉर्चर झेलना पड़ा। निरूपा रॉय ने गुजराती फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत की थी और बॉलीवुड में उन्होंने तकरीबन 10 फिल्मों में अमिताभ बच्चन की मां का किरदार निभाया था। वह शशि कपूर भी मां बनीं। लेकिन निरूपा रॉय को उनके ही बड़े बेटे योगेश ने पीटा और संपत्ति के लिए लड़ा। छोटे भाई किरण ने बड़े भाई योगेश पर मां की संपत्ति हड़पने और मारपीट व टॉर्चर



का आरोप लगाया था। छोटे भाई ने एक इंटरव्यू में बड़े भाई पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उनका बर्ताव मां के लिए अच्छा नहीं था। वह उन्हें टॉर्चर करते थे। इसीलिए मां ने उन्हें संपत्ति में बराबर का हकदार नहीं रखा था। निरूपा रॉय की 13 अक्टूबर 2004 को कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई थी और उससे पहले उन्होंने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बांट दी थी। जिस मास्टर बेडरूम पर झगड़ा हो रहा था, उसे उन्होंने और पति कमल रॉय छोटे बेटे किरण को दे दिया था। जब विवाद बढ़ा तो छोटे बेटे ने बड़े बेटे के खिलाफ प्रॉपर्टी हथियाने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी।



**कासियाम्मल :** साउथ फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस कासियाम्मल के साथ जो हुआ था, वह हैवानियत की हदें पार करने वाला था। कासियाम्मल को उनके ही बेटे ने शराब के नशे में लाठी से पीट-पीटकर मार डाला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेटा मां कासियाम्मल से शराब के लिए पैसे मांगता था, लेकिन एक्ट्रेस ने देने से इनकार किया तो बेटे ने उन्हें बुरी तरह पीटकर मार डाला था। कासियाम्मल की मौत 4 फरवरी 2024 को हुई थी। पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज की गई थी, जिसके बाद कासियाम्मल के बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया गया था कि बेटा पी. नमकोदी मां कासियाम्मल से शराब के लिए पैसे मांग रहा था। इसी बात पर उनका झगड़ा हुआ। बेटे ने गुस्से में मां को लाठी से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया, और तब तक पीटता रहा जब तक मां कासियाम्मल के प्राण-पखेरू नहीं उड़ गए।



**प्रिया राजवंश :** हिंदी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस प्रिया राजवंश ने भले ही अपनी कोख से औलाद पैदा नहीं की थी, पर उन्होंने सौतेले बेटों को खूब लाड़-प्यार दिया था। प्रिया राजवंश ने देव आनंद के भाई और फिल्ममेकर चेतन आनंद से शादी की थी, जो पहले से शादीशुदा थे और उनके दो बेटे भी थे। पर प्रिया राजवंश को क्या पता था कि पति की मौत के बाद दोनों बेटे उनके खून के प्यासे हो जाएंगे। प्रिया राजवंश की 27 मार्च 2000 को उनके बंगले में लाश मिली। उनके कत्ल का आरोप दोनों सौतेले बेटों पर लगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चेतन आनंद के बेटों विवेक और केतन ने बंगले के दो नौकरों के साथ मिलकर सौतेली मां प्रिया राजवंश की हत्या कर दी। चारों को पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर लिया था और उन्हें सजा भी मिली थी। पर बाद में दोनों बेटों को रिहा कर दिया गया था।

**गीता कपूर :** मीना कपूर की फिल्म 'पाकीजा' में नजर आईं गीता कपूर भी बदकिस्मत रहीं। साल 2019 में गीता कपूर का मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। दो दिनों तक उनकी लाश अस्पताल में पड़ी रही, पर बेटा या घर-परिवार से कोई नहीं पहुंचा। गीता कपूर का बेटा राजा, जोकि एक कोरियोग्राफर है, वह उन्हें अस्पताल में अकेला छोड़कर भाग गया। जब घर जाकर पता किया तो वहां ताला लगा मिला और बेटा परिवार के साथ वहां से चंपत हो गया। गीता कपूर की बेटी एयरहोस्टेस थी, लेकिन उसने भी मां की सुध नहीं ली। बेटा और बेटी दोनों ही मां को लावारिस छोड़कर चले गए थे। फिल्ममेकर रमेश तौरानी और अशोक पंडित ने गीता कपूर का ख्याल रखा था। गीता को बेटे राजा के नाम के सिवाय कुछ याद नहीं था। वह आखिरी दिनों तक उसके लिए तड़पती रहीं।



## खबर संक्षेप



### बोर्ड परीक्षा बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को समाज ने किया सम्मानित

**सीतापुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी दसवीं बोर्ड की परीक्षा में नगर की दो मेधावी छात्राओं ने सफलता हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है। नगर की मेधावी छात्रा कु. अनन्या गुप्ता आ. अखिलेश गुप्ता एवं मंजू गुप्ता ने 94 प्रतिशत अंक हासिल किए है। वही प्रयास आवासीय विद्यालय रायपुर की छात्रा कु. साक्षी गुप्ता ने 93.33 प्रतिशत अंकों के साथ यह सफलता हासिल की है। इनकी इस सफलता से माता-पिता समेत नगर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उपलब्धि हासिल करने पर साहू समाज द्वारा दोनों छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष साहू समाज सदानंद गुप्ता, अंजनी कुमार शाह, केके गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, राकेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, भीमसेन गुप्ता, गौतम गुप्ता मौजूद थे।

### अनुज्ञा पाठक ने 12वीं बोर्ड में हासिल किए 91 प्रतिशत अंक

**सीतापुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में अनुज्ञा पाठक ने क्षेत्र का नाम रौशन किया है। अनुज्ञा पाठक ने 12वीं बोर्ड में




91 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। अनुज्ञा शहर से लगे चलता निवासी राजीव पाठक व पिंकी पाठक की पुत्री है और बेमेतरा स्कूल एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल से अपनी पढ़ाई कर रही थी। अनुज्ञा भविष्य में सीए बनना चाहती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व शिक्षकों को दिया। है

### स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** राजस्थान भवन में 12 मई को निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन मारवाड़ी युवा मंच तेजस्वनी शाखा द्वारा किया गया। उक्त आयोजन में रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विमल अग्रवाल (स्पाइनल सर्जन काशी स्पाइन हॉस्पिटल रायपुर) के द्वारा मरीजों को हड्डी की बीमारी के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं उपचार के लिए परामर्श दिया गया। शिविर में 212 मरीजों का इलाज किया गया। मनेन्द्रगढ़ के अलावा कटनी, सूरजपुर, बिजुरी एवं मनेन्द्रगढ़ के आसपास के क्षेत्रों से आए मरीजों ने शिविर का लाभ लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मारवाड़ी युवा मंच तेजस्वनी शाखा की अध्यक्ष श्रीमती संगीता शर्मा, कोषाध्यक्ष श्रीमती श्वेता पोद्दार, सचिव श्रीमती रीना अग्रवाल, प्रीति पोद्दार एवं समस्त सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ। इस मौके पर डॉक्टर विमल अग्रवाल के द्वारा आगे भी भविष्य में शिविर आयोजित करने की सहमति दी है।

### इलेक्ट्रिकल दुकानदार ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिश्रामपुर।** नगर के गुरुद्वारा के ठीक बग़ल में स्थित बिजली की प्रमुख दुकानों में से एक बालाजी



इलेक्ट्रिकल्स के संचालक सुप्रभात मुखर्जी ने सोमवार की सुबह को अपने घर में फांसी लगा खुदकुशी कर ली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा करने पश्चात शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया है। बताया गया कि मृतक सुप्रभात मुखर्जी ने गुरुद्वारा कॉम्प्लेक्स में एक दुकान किराए से ले रखी थी जिसका संचालन बालाजी इलेक्ट्रिकल्स के नाम से होता था। उनकी पत्नी दोनों बच्चों की पढ़ाई के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से रायपुर में रह कर अपने बच्चों के साथ ही रहती थी और एक निजी विद्यालय में बतौर शिक्षिका कार्यरत थीं।

### पेन कार्ड का दुरूपयोग कर डिप्टी बैंक मैनेजर के नाम पर लिया गया लोन

**अंबिकापुर।** बैंक के डिप्टी मैनेजर का पेन नंबर उपयोग कर धोखे से लोन निकालने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जब बैंक के डिप्टी मैनेजर ने अपना सिबिल स्कोर देखा तो उसे अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वसुंधरा विहार निवासी आदित्य सिंह आ. ओमकार सिंह बनारस रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 6 मई को जब आदित्य सिंह ने अपना सिबिल स्कोर देखा तो पता चला कि उसके पेन नंबर का दुरूपयोग कर अलग अलग बैंकों व फाइनेंस कम्पनी से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 4 लाख 68 हजार 40 रुपए का लोन लिया गया है। लोन में ली गई राशि आदित्य सिंह के खाते में नहीं आई थी लेकिन उसके खाते से लोन की ईएमआई काटी गई। ऐसे में अब डिप्टी मैनेजर द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत उपरान्त पुलिस ने मामले में जांच कर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 419, 420 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## मरीजों की बढ़ी परेशानी, स्ट्रेचर के अभाव में मरीजों का समय पर हीं होता उपचार

# एक स्ट्रेचर के भरोसे संचालित हो रहा शांतिपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर/सेदम

अस्पताल में संसाधन की कमी हो तो मरीजों की जांच व उपचार में काफी परेशानी होती है। ऐसे में मरीज स्वास्थ्य सुविधा से वंचित रह जाते है। कुछ इस तरह की स्थिति बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शांति पारा की है जहां चिकित्सक व स्टाफ तो है परंतु सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं में गंभीर मरीजों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाने के लिए मात्र पर्याप्त स्ट्रेचर नहीं है। ऐसे में एक ही समय दो से तीन घायल पहुंच गए तो घायलों को स्ट्रेचर के अभाव में एंबुलेंस या अन्य वाहन इंतजार करना पड़ता है जिससे मरीजों की समय पर उपचार शुरू नहीं होती। ऐसा नहीं है की अस्पताल प्रबंधन ने समस्या से विभाग को अवगत नहीं कराया परंतु आज तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पर्याप्त स्ट्रेचर की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी जिससे मरीज सहित स्टाफ को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**खास बात**

- एनएच 43 पर आए दिन सड़क दुर्घटना होने से बढ़ी संख्या में मरीज पहुंचते हैं अस्पताल

बतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हर रोज बड़ी संख्या में मरीज जांच व उपचार कराने आते है। सामान्य मौसमी बीमारी के मरीज अस्पताल में जांच व दवा लेकर घर चले जाते है परंतु कई ऐसे मरीज भी आते जिसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सक प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर देते है। मरीज के गंभीर होने पर एबुलेंश या निजी वाहन तक ले जाने के लिए स्ट्रेचर की जरूरत पड़ती है। ऐसे में अगर एक साथ कई मरीजों को रेफर किया गया तो वाहन से पहुंचा स्ट्रेचर की समस्या उत्पन्न हो जाती है। अस्पताल में एक ही स्ट्रेचर होने के कारण अन्य मरीजों को स्ट्रेचर खाली होने का इंतजार करना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्ट्रेचर की समस्या लंबे समय से है। अस्पताल स्टाफ ने भी स्ट्रेचर की कमी होने तथा आए दिन मरीजों को हो रही परेशान के मद्देनजर विभाग के उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराया है। हैरानी बात यह है कि एनएच 43 समीप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित होने के बावजूद अस्पताल का संचालन महज एक स्ट्रेचर के भरोसे संचालित है ऐसे में मरीजों किस तरह की परेशानियों का सामना करना पडता होगा यह आसानी से समझा जा सकता है।



स्ट्रेचर में घायल का उपचार करते स्वास्थ्यकर्मी।

### गोद में उठाकर ले जाने मजबूर परिजन

मौसम के बदलते ही मौसमी बीमारी बढ़ जाती है। ऐसे में हर रोज बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंचते है। इन मरीजों में कुछ ऐसे मरीज भी होते है जिन्हें स्ट्रेचर की जरूरत होती है परंतु अस्पताल में एक स्ट्रेचर होने के कारण परिजन को इंतजार करना पड़ता है जिससे मरीज की हालत और भी बिगड़ जाती है। कई बार तो परिजन स्ट्रेयर के अभाव में मरीज की हालत गंभीर हो जाने पर गोद या कंधे में उठाकर वार्ड में भर्ती कराने को मजबूर होते है।

### संजीवनी व महतारी वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

एनएच 43 पर आए दिन दुर्घटनाएं होती है। ऐसे में घायलों को संजीवनी 108, महतारी वाहन व डायल 112 से बतौली शांतिपारा सामुदायिक केंद्र में लेकर आते है। एक साथ अगर तीन चार घायल पहुंच गए तो स्ट्रेचर के अभाव में वाहन चालकों की परेशानी बढ़ जाती है। दो दिन पूर्व ही टाटा मैजिक व कार में भिड़ंत हो जाने से चार लोग घायल हो गए थे। घायलों को गंभीर हालत में डायल 112 से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शांतिपारा में लाया गया। वहीं एक स्ट्रेचर होने के कारण एक गंभीर हो अस्पताल ले जाया गया जबकि अन्य घायल वाहन में ही तड़पते रहे। इस प्रकार की घटनाएं आए दिन निर्मित होती है। हैरानी की बात यह है कि अस्पताल में स्ट्रेचर की समस्या होने के बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हो सका।

### खरीदी की जाएगी नए स्ट्रेचर

अस्पताल में मरीजों को हो रही समस्या को दूर करने बतौली बीएमओ को निर्देशित करता हूं। तत्काल नए स्ट्रेचर खरीदी कर स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।

-डॉ. आरएन गुप्ता, सीएमएचओ



## विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बने संयुक्त संवेदना योजना के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैयाथान

जिले के शिक्षकों द्वारा संचालित संयुक्त संवेदना योजना अंतर्गत अपने दिवंगत सदस्य शिक्षक साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है।

इस योजना से प्रभावित होकर जिले में शिक्षको के साथ-साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी भी बढ़ चढ़ कर शामिल हो रहे है। विकास खण्ड भैयाथान के विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह ने संयुक्त संवेदना योजना से प्रभावित होकर इसकी प्रत्यक्ष सदस्यता ग्रहण करते हुए सराहना की। साथ ही बीईओ ने कहा कि यह योजना शिक्षकों को एक सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है। इसके तहत असमय दिवंगत हो रहे शिक्षकों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार तक एक लाख रुपये की राशि के माध्यम से हमारी संवेदनाएं पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने विकासखण्ड के सभी शिक्षकों से कहा कि वे इस योजना से शत प्रतिशत जुड़कर सहभागी बनें। इस दौरान कुलदीप सिंह, दिल मोहम्मद अंसारी, दिलीप साहू, बिजेंद्र साहू, राम यादव, अमरनाथ चौबे, सतपाल ठाकुर, ताराचंद, शिव प्रताप, गायत्री मिश्रा, सुनील चक्रधारी, जुगेंद्र सोनी, चंद्र प्रकाश, सतपाल ठाकुर, रितेश यादव, जितेंद्र सिंह, नित्यानंद कुशवाहा व अन्य उपस्थित रहे।

### तेंदूपत्ता तोड़ने के दौरान पेड़ से गिरी महिला आई गंभीर चोटें

**लखनपुर।** सोमवार को सुबह कुंवरपुर जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई ग्राम जुड़वानी नवापारा निवासी उर्मिला सिंह पति तुलसी सिंह (52वर्ष) पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। वह तेंदू पेड़ पर चढ़कर पत्ता तोड़ रही थी तथा पैर फिसलने से पेड़ से नीचे गिर गयी। गिरने से महिला का एक पैर टूट गया है। ग्रामीण की सूचना पर 108 से उसे लखनपुर सीएचसी पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने उसे प्राथमिक उपचार उपरांत मेडिकल कॉलेज अस्पताल अम्बिकापुर रिफर किया है।

## गोष्ठी में गीता के महत्व पर चर्चा

**अम्बिकापुर।** विश्व मातृत्व दिवस पर महामना मालवीय मिशन के सदस्यों ने आरके गुप्ता के निवास पर आध्यात्मिक गोष्ठी की। गोष्ठी में गीता के प्रथम अध्याय का पाठ किया गया। कार्यक्रम में प्रकाश कश्यप ने कहा कि जहां गीता का वाचन होता है वहां साकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है जिससे व्यक्ति सात्विक प्रवृत्ति अपनाने लगता है। ब्रह्म शंकर सिंह ने कहा कि घर का मालिक कभी-कभी तनाव में आ जाता है। वह गीता का अनुश्रवण करें तो जीवन पर्यन्त तनाव मुक्त रहेगा। महासचिव सुरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि व्यक्ति अपने दिनचर्या के कार्यों में व्यस्त रहता है। वह आध्यात्मिक समागम में कुछ समय दे तो उसके अधिकांश समस्याओं का समाधान होगा। दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि साकारात्मक तथ्यों पर संवाद होना चाहिए। इससे बुद्धि प्रखरता आती है और व्यक्ति चिन्तनशील बनता है। ललित मोहन तिवारी ने कहा कि जो आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति जिसे हो गयी उसका मन अन्यत्र कहीं नहीं लगेगा। रणविजय सिंह तोमर ने कहा कि संतोषी एवं धैर्यवान व्यक्ति हमेशा खुशहाल और प्रसन्नचित रहता है। सुनील दत्त पाण्डेय ने कहा कि जो सुख भोगकाल के परिणाम में भी आत्मा को मोहित करने वाला है वह निद्रा आलस्य और प्रमाद से उत्पन्न सुख को तामस कहा गया है। जयप्रकाश चौबे ने कहा कि जो सुख विषय और इन्द्रियों के संयोग से होता है वह पहले भोगकाल में अमृत के तुल्य प्रतीत होने पर भी परिणाम विष के तुल्य है। राम नारायण शर्मा ने कहा कि कर्म की महत्ता से व्यक्ति की पहचान बनती है इसलिए ईश्वर का पारायण होकर कर्म करना चाहिए। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि कर्म करो फल की इच्छा मत रखो, फल अपने आप मिलेगा यह वाक्य मेरे जीवन में परिलक्षित हुआ है मैं इसका अनुभव किया हूं। आभार प्रदर्शन सच्चिदानंद पाण्डेय ने किया।



### छत्तीसगढ़ राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास सचिव ने किया निरीक्षण

**रजपुरी कला।** छत्तीसगढ़ राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास सचिव राजेश राणा द्वारा विकासखंड लखनपुर के स्वच्छ भारत मिशन विभाग द्वारा निर्मित सामुदायिक शौचालय, एसबीएम विभाग द्वारा किए कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया गया। साथ ही उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा की। विदित हो कि विकासखंड लखनपुर ओडीएफ घोषित हो चुका है और वर्तमान में ओडीएफ प्लस प्रमाणित होने हेतु ब्लॉक में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास सचिव के साथ जिला पंचायत सीईओ नूतन कुमार कंवर, जनपद सीईओ वेद प्रकाश पाण्डेय, जिला पंचायत एपीओ डॉ. प्रशांत शर्मा, रौशन गुप्ता, शशांक सिंह परिहार, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास जनपद पीओ मनरेगा अभिषेक मिंज, अविनाश राज सिन्हा, शुभिता शुक्ला, शीनू पटेल, मनोज किस्पोट्टा, पंकज गुप्ता, आशुतोष सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



## डीएवी स्कूल में 10 वीं एवं 12 वीं सीबीएससी बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम गत दिनों घोषित किया गया, जिसमें डी ए वी स्कूल विश्रामपुर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। दसवीं बोर्ड परीक्षा में 115 विद्यार्थी सम्मिलित हुए और परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के 12 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक और 23 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस परीक्षा में विद्यालय स्तर पर मान्यता जायसवाल 98 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, रितिका बिजी 97 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं अनुष्का सुनील तथा सौम्या जायसवाल ने 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान अर्जित किया है। इसी कड़ी में अनुप्रिया देव 94.4 प्रतिशत, साक्षी जायसवाल 93.4 प्रतिशत, जायना नसीम 93 प्रतिशत, खुशबू सिंह 92.8 प्रतिशत, रुद्र प्रताप सिंह 92.8 प्रतिशत, कनिष्क राजवाड़े 91.4 प्रतिशत, सुकृत त्रिपाठी 91.4 प्रतिशत और शालिनी खत्री ने 90.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय में संस्कृत में पांच विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक हासिल कर विद्यालय के नाम को रोशन किया है। कक्षा 12 वीं की परीक्षा का परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के 96 विद्यार्थी 12 वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए। 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया और 10 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। विद्यालय स्तर पर प्रियांशु सिंह ठाकुर ने 95.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम चेशांत कुमार पटेल एवं अंजली सिंह ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और दिशा अग्रवाल ने 93.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। संकाय स्तर पर विज्ञान संकाय गणित से चेशांत कुमार पटेल 94.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, दीपांशु पटेल 88 प्रतिशत ने द्वितीय तथा सौरभ यादव 86 प्रतिशत ने तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय बायोलॉजी से साहिल शांडिल 91.6 प्रतिशत ने प्रथम, सचिन यादव 90.8 प्रतिशत ने द्वितीय और आर्ची जायसवाल 84.6 प्रतिशत ने तृतीय स्थान अर्जित किया। वाणिज्य संकाय से प्रियांशु सिंह ठाकुर 95.6 प्रतिशत ने प्रथम, दिशा अग्रवाल 93.6 प्रतिशत ने द्वितीय व सिद्धार्थ 87 प्रतिशत ने तृतीय स्थान हासिल किया। कला संकाय से अंजली सिंह 95.6 प्रतिशत ने प्रथम निवेदिता नारायण एवं नितेश कुमार साहू ने क्रमशः 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और अंशु ठाकुर 91.02 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक ने दसवीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त कर उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं।



### टोनही प्रताड़ना के मामले में महिला गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** लुंड्रा पुलिस ने टोनही प्रताड़ना के मामले में कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। लुंड्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मधुपारा पटोरा निवासी 45 वर्षीय सरोजनी यादव द्वारा 16 मार्च को एक महिला को उसके घर के बाहर जाकर गाली गलौज करने के टोनही कहकर बदनाम किया गया। महिला द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। पुलिस द्वारा मामले की जांच उपरान्त आरोपी महिला सरोजनी यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने महिला को धारा 294, छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम की धारा 4, 5 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में लुन्ड्रा थाना से सउनि चंद्र प्रकाश केरकेट्टा, प्रधान आरक्षक नामूल राम, महिला आरक्षक प्रेमा मरावी, अम्ब्रोस लता कुजूर, आरक्षक निरंजन बड़ा, अनिल बड़ा शामिल रहे।

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
24/7 Emergency Services
पता - बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल
MBBS, MD Medivine (Delhi)
DM (Gastro) BHU Varanshi
दिनांक 12 मई 2024, रविवार
समय सायं 4 बजे से सायं 7 बजे तक

सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का इलाज
10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Mo. No. 07774-22500, 6269814276, 9542344694, 9434062770

गुप्त रोग का 100% शर्तिया इलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा इलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर - मोबा. 7898942870
समय - सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसिन)
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
दिनांक 12 मई 2024 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
दिनांक- 26 मई 2024, रविवार
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर

मूत्र रोग विशेषज्ञ
दिनांक 16 मई 2024 दिन-गुरुवार
डॉ. राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
(O.P.D.) 8225888500
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
गॉल ब्लैडर (पित की थैली) • अपेंडिक्स • हार्निया • पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर
मो.9713667433, 9617247433

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल
समय : 11 से 3 बजे तक
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

## खबर संक्षेप



### समितियों में शुरू किया गया तेंदूपत्ता संग्रहण

**राजपुर।** आदिवासी अंचल के लिए हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता की खरीदी का कार्य क्षेत्र में सोमवार से शुरू हो गया है। राजपुर के अ व ब समिति में राजपुर प्रबंधक सुरेश सोनी एवं फड़ मुंशियों द्वारा आने वाले संग्रहको का तिलक लगाकर व पांव पखार कर खरीदी की शुरुआत की गई। इस दौरान ग्राम देवता व सनातन धर्म को जीवंत करते अपने आराध्य देवी देवता की पूजा अर्चना की गई। जिले के राजपुर समिति में तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य 3300,000 मानक बोरा है कुल 17 फड़ो में संग्रहक तेंदू पत्ता संग्रहण करेंगे साथ ही राजपुर रेंज अंतर्गत समिति बासेन, परसागुडी में भी आज से तेंदू पत्ता संग्रहण शुरू किया गया है। राजपुर रेंज में 4 लाट है सभी अग्रिम में क्रेता द्वारा क्रय कर लिया गया है। इस वर्ष 5500 रूपए मानक बोरा व 550 रूपए सैकड़ा के दर से संग्रहको राशि ऑनलाइन भुगतान संघ कार्यालय रायपुर से किया जाएगा। समिति के प्रबंधक ने सभी संग्राहकों से आह्वान किया है कि अगर किसी का ऑनलाइन सर्वे कार्य नहीं हो पाया है तो वे तत्काल अपना ऑनलाइन सर्वे करा सकते है।

### भीषण गर्मी में राहत देने चलित प्याऊ का संचालन




**अम्बिकापुर।** भीषण गर्मी में दूर-दराज से आने वाले लोगों एवं राहगीरों को शीतल जल एवं शर्बत उपलब्ध कराने शहर के व्यवसायी रमेश केडिया पिछले 15 वर्षों से चलते-फिरते प्याऊ का संचालन कर रहे है। इस साल भी वे 1 अप्रैल से अपने चलते-फिरते प्याऊ के माध्यम से विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को प्रतिदिन शीतल जल व शर्बत उपलब्ध करा रहे हैं श्री केडिया ने बताया कि वे हर दिन अपने पिकअप में 300 लीटर शीतल जल एवं 50 लीटर शरबत लेकर निकलते है भीषण गर्मी में चौक-चौराहों एवं बस स्टैण्ड का भ्रमण कर पानी व शरबत पिलाकर लोगों की प्यास बुझाते है। वे जिम्मेदारी पूर्वक स्वयं यह कार्य करते हैं। श्री केडिया के निःस्वार्थ सेवा की क्षेत्रवासी जमकर सराहना कर रहे हैं।

### अवधेश कुमार को द्रोणा रत्न स्पोर्ट्स अवार्ड



**अम्बिकापुर।** अवधेश कुमार साहू को द्रोणा रत्न स्पोर्ट्स अवार्ड (कराटे) से सम्मानित किया गया है। हरिद्वार में 5 मई को आयोजित अखिल भारतीय द्रोणा रत्न स्पोर्ट्स अवार्ड बलरामपुर जिले के श्री अवधेश कुमार साहू को द्रोणा रत्न बेस्ट प्लेयर अवार्ड का प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इंडिया स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित समारोह में श्री गुप्ता को कराटे स्पोर्ट्स में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान दिया गया।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दैरान मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पतरापारा निवासी जनक साय आ. स्व. देवधारी (50 वर्ष) रविवार की शाम अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। इधर ग्रामीण के कीटनाशक पी लेने की जानकारी लगते ही परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## आए दिन अंधड़-वर्षा होने के कारण अधिकांश फड़ वीरान

# मौसम की बेरूखी से तेंदूपत्ता का संग्रहण पर संकट अधिकांश फड़ों में खरीदी शुरू होने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- छोटे पत्तों की आवक होने के कारण खरीदी प्रभावित

मौसम की बेरूखी तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए चुनौती बन गई है। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण अभी तक अधिकांश फड़ों में तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारम्भ नहीं हो पाई है। जिन फड़ों में पत्ते की खरीदी की जा रही है वहां गुणवत्ता ठीक नहीं होने के कारण ठेकेदार सवाल उठा रहे हैं वहीं जहां खरीदी शुरू नहीं हो सकी है संग्राहक तत्काल खरीदी प्रारम्भ करने की मांग कर रहे हैं। मौसम में लगातार हो रहे उलट-फेर एवं आए दिन अंधड़ के साथ हो रही बूंदाबांदी से तेंदूपत्ता संग्रहण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। पिछले चार दिनों से लगातार मौसम बदल रहा है। दिन में चिलचिलाती धूप निकलने के बाद शाम में अचानक आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही तेज रफ्तार अंधड़ चल रहा है। मौसम विभाग ने 14 जून तक मौसम के प्रतिकूल रहने के साथ ही तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने का अलर्ट जारी किया है। स्थिति को देखते हुए तेंदूपत्ता लाटों की अग्रिम खरीदी करने वाले ठेकेदार मौसम साफ होने के बाद ही तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारम्भ करने का दबाव बनाए हैं। ठेकेदारों का कहना है कि खरीदी के दूसरे दिन विभाग खरीदे गए पत्ते की ठेकेदार के हवाले कर देता है। मौसम प्रतिकूल होने की स्थिति में कच्चे तेंदूपत्ता को सुरक्षित बचाए रखना संभव नहीं है। ऐसे में खरीदे गए पत्तों के खराब होने के कारण ठेकेदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। आमतौर पर मई के प्रथम सप्ताह में विभाग प्राथमिक वनोपज समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारम्भ कर देता है। सरगुजा एवं सूरजपुर वनमण्डल के कुछ समितियों द्वारा तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारम्भ भी कर दी गई है लेकिन निर्धारित तिथि से एक सप्ताह से अधिक समय गुजरने के बावजूद अधिकांश फड़ों में अभी भी वीरानी छाई है। ऐसी वनोपज समितियों 15 मई या उसके बाद तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारम्भ करने की तैयारी है। इधर खरीदी में विलम्ब होने के कारण क्षेत्र के संग्राहक परेशान हैं तथा तत्काल खरीदी प्रारम्भ करने की मांग कर रहे हैं।



### वनवासियों के आय का मुख्य जरिया

तेंदूपत्ता संग्रहण वनवासियों के आय का मुख्य जरिया है। संग्राहक परिवार के सभी छोटे-बड़े सदस्य उजाला होते ही तेन्दूपत्ता एकत्र करने जंगल पहुंच जाते हैं तथा चिलचिलाती धूप में दोपहर तक जंगल से पत्ता संग्रहित करते हैं। इस बार प्रदेश सरकार ने संग्रहण दर में वृद्धि करने एवं 5500 रूपए मानक बोरा की दर से पत्ते की खरीदी करने की घोषणा की है। शासन द्वारा संग्राहकों को 4500 तक बोनस एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की गई है। तेंदूपत्ता की कीमतों में वद्धि होने के कारण संग्राहक आर्थिक क्षति होने का हवाला देकर सभी फड़ों में तत्काल खरीदी प्रारम्भ करने की मांग कर रहे हैं।

### मकरादुआरी के संग्राहक एमपी में खपा रहे पत्ता

ठेकेदार के दबाव के कारण चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में अभी तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारम्भ नहीं हुई है। एमपी के सीमावर्ती सिंगरौली वनमण्डल अंतर्गत बड़गढ़ फड़ में तेंदूपत्ता की खरीदी शुरू हो गई हैं। सीमावर्ती ग्राम अवन्तिपुर एवं कोल्हुआ के संग्राहक पिछले एक सप्ताह से छत्तीसगढ़ का तेंदूपत्ता बड़गढ़ फड़ में खपा रहे हैं। कीमत अधिक होने के कारण एमपी के संग्राहक भी छत्तीसगढ़ में अपना पत्ता खपाते हैं।

### लक्ष्य पर संकट

मौसम में चल रहे उतार-चढ़ाव एवं अप्रैल महीने के प्रारम्भ से बार-बार मौसम खराब होने तथा बीच-बीच में हल्की वर्षा होने का प्रभाव तेंदूपत्ता के उत्पादन पर पड़ा है। भीषण गर्मी पड़ने के दौरान ही तेंदूपत्ता के पौधों से गुणवत्तापूर्ण कोपल निकलते हैं भीषण गर्मी के अभाव में इस बार पत्तों का आकार नहीं बढ़ रहा है। संग्राहक तेंदू के छोटे-छोटे पत्ते संग्रहित कर उसे बेचने फड़ों में पहुंच रहे हैं। दो-तीन दिन तक संग्रहित पत्तों की गुणवत्ता में सुधार नहीं होने के कारण फड़ों को एक-दो दिन के लिए बंद कर दिया जा रहा है। मौसमी व्यवधानों के प्रभाव से पत्तों की गुणवत्ता ठीक नहीं होने के कारण इस बार उत्पादन लक्ष्य पूरा होने पर भी संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है।

### 3.63 लाख मानक बोरा का लक्ष्य

शासन द्वारा सरगुजा वनवृत के विभिन्न 6 वन मंडलों के लिए 3 लाख 63 हजार 600 मानक बोरा संग्रहण लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बलरामपुर वनमण्डल में बड़े-बड़े जंगल होने के कारण सर्वाधिक तेंदूपत्तों का संग्रहण होता है। इस बार बलरामपुर वनमंडल का संग्रहण लक्ष्य 1 लाख 43 हजार 900 मानक बोरा, सूरजपुर वनमंडल का 74.5 हजार मानक बोरा एवं सरगुजा वनमंडल का 36.2 हजार मानक बोरा निर्धारित किया गया है।

### 15 मई से सभी फड़ों में होगी खरीदी

विपरीत मौसम के कारण कई फड़ों में अभी तेंदूपत्ता की खरीदी प्रारम्भ नहीं की गई है जबकि कई केन्द्रों में खरीदी प्रारम्भ होने के बाद बंद करने की स्थिति निर्मित हुई। 15 मई से सभी फड़ों में खरीदी प्रारम्भ कर दी जाएगी। सभी फड़ों को 24 घंटे के भीतर परिदान देने के निर्देश दिए गए हैं।
तेजस शेखर, डीएफओ, सरगुजा



## बेतरतीब ढंग से खड़े चार ट्रक किए गए जब्त, चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/लखनपुर

एनएच व रिंग रोड किनारे लापरवाहीपूर्वक भारी वाहनों को खड़ी करने और लोगों की जान खतरे में डालने को लेकर सरगुजा पुलिस की कार्रवाई जारी है। सोमवार को पुलिस द्वारा एनएच किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े बस व ट्रकों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने पांच वाहनों को जब्त करने के साथ ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। बता दें कि शहर के रिंग रोड व एनएच किनारे भारी वाहन चालक बेतरतीब ढंग से वाहनों को खड़ा कर देते है। भारी भरकम वाहनों को लापरवाही पूर्वक खड़ा करने से आवागमन प्रभावित होता है इसके साथ ही लोग दुर्घटना के शिकार होते है। ऐसे में सरगुजा पुलिस द्वारा ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पिछले दिनों पुलिस द्वारा कुल 15 वाहनों पर कार्रवाई की गई जबकि पुनः एसपी के निर्देश पर लखनपुर, सीतापुर व रघुनाथपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई कर छह भारी वाहनों के चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। लखनपुर पुलिस द्वारा एनएच 130 पर नारायण पेट्रोल पम्प के सामने खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 13 एएच 8218 के चालक बलरामपुर खड़ियाडामर निवासी 21 वर्षीय फिलमोन एक्का, सुमन पेट्रोल पंप के सामने खड़े ट्रक क्रमांक एमएच 34 बीजी 8991 के चालक महाराष्ट्र चांदपुर के रामनगर निवासी 38 वर्षीय प्रफुल जनबुरकर, इंडियन पेट्रोल पंप के सामने खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनआर 4800 के चालक सारंगढ़ भटगांव रोहिना निवासी 24 वर्षीय मनोज कुमार को धारा 283 के तहत गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह रघुनाथपुर पुलिस द्वारा एनएच 43 पर ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 1269 के चालक सीतापुर देवगढ़ निवासी 38 वर्षीय तेज कुमार लकड़ा को धारा 283 के तहत गिरफ्तार किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर मनोज प्रजापति, थाना प्रभारी सीतापुर भारत लाल साहू, चौकी प्रभारी रघुनाथपुर राजेंद्र सिंह, सउनि अरुण गुप्ता, नेतराम पैकरा, प्रधान आरक्षक रवि सिंह, आरक्षक पंकज देवांगन शामिल रहे।

### दो यात्री बसों पर भी कार्रवाई

एनएच पर बेतरीब ढंग से वाहनों को खड़ा करने को लेकर ट्रकों के साथ सब बसों पर भी कराई की जा रही है। सीतापुर पुलिस द्वारा पुरानी बस्ती के समीप बस क्रमांक सीजी 15 एबी 4571 के चालक सीतापुर बटईकेला निवासी 40 वर्षीय अमर दास व बस क्रमांक सीजी 15 एबी 1777 कमलेश्वरपुर नर्मदापुर निवासी 40 वर्षीय संतोष तिवारी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। इनमें से एक बस चालक को गिरफ्तार कर बस जब्त कर लिया गया है।

## एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सूरजपुर।** वाड्रफनगर क्षेत्र नशीली कफ सिरप खपाने जा रहे बाइक सवार दो युवकों ने पुलिस को बाइक छोड़ फरार हो गए। पुलिस ने बाइक में रखे लगभग 1 लाख 20 हजार कीमत का कफ सिरप बरामद किया साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार दूसरे आरोपी को आज प्रतापपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष 14 नवम्बर को क्षेत्र में गश्त कर रहे प्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि राजपुर की ओर से प्रतापपुर होते हुए वाड्रफनगर क्षेत्र में बाइक सवार दो युवक बड़ी मात्रा में नशीली कफ सिरप लेकर खपाने जा रहे है। सूचना परर पुलिस टीम ने ग्राम चांचीडांड में घेराबंदी की। इसी दौरान बाइक सवार पुलिस को देखकर बाइक चालक व पीछे बैठा युवक बाइक को छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने जब बाइक में रखे बैग की तलाशी ली तो बैग में 1 लाख 20 हजार कीमत का नशीली कफ सिरप बरामद किया। पुलिस ने कफ सिरप व बाइक को जबत कर अज्ञात के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने मामले में शामिल फरार आरोपी सूरजप कुमार सूर्यवंशी को 7 अप्रैल को लटोरी से पकड़ा था जबकि दूसरा आरोपी दीपक शील उर्फ माटूल फरार था जिसकी तलाश की जा रही थी। इसी बीच पुलिस को पता चला कि दूसरा आरोपी अम्बिकापुर क्षेत्र में है। आज पुलिस ने लंबे समय से फरार आरोपी तुर्रापानी निवासी दीपक शील उर्फ माटूल आ. पवित्रो शील (24 वर्ष) को गांधीनगर क्षेत्र के गिरफ्तार किया। कार्रवाई में प्रतापपुर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह, रजनीश त्रिपाठी, रामाधीन, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, राजेश तिवारी, अवधेश कुशवाहा सक्रिय रहे।

## दो दिन में तीन किशोरियों को प्रशासन की टीम ने बालिका वधू बनने से बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जिले को बाल विवाह मुक्त करने के संकल्प को प्रशासन की संयुक्त टीम ने मूर्त रूप देना प्रारंभ कर दिया है। कलेक्टर के दिशा निर्देश पर गठित संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंच कर बाल विवाह रोकने की परिजन को समझाइश देती है। विगत दो दिनों में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, चाईल्ड लाईन, पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तीन बाल विवाह रोका गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी को ग्रामीणों ने सूचना दी की ग्राम लक्ष्मीपुर में एक 14 वर्षीय बालिका का बाल विवाह सम्पन्न हो रहा है। जिस पर टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि बालिका का उम्र मात्र 14 वर्ष 6 माह हो रहा है। परिजन को समझाइश दी गई तथा बालिका के 18 वर्ष पूरा होने के बाद विवाह करने की बात कही। इस प्रकार टीम को एक ग्रामीण द्वारा सूचना दी गई की गांव में ही एक और नाबालिग लड़की का विवाह होने वाला है। जिस पर टीम वहां गई, दस्तावेजों का परीक्षण करने पर बालिका का उम्र 17 वर्ष 6 माह हो रहा है परिवार वालो को समझाइश देकर बाल विवाह रुकवा दिया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को ग्राम पंचायत जोबगा के ग्रामीणों से सूचना मिला कि एक 16 वर्षीय बालिका का बाल विवाह करने हेतु मण्डप रखे हैं।



आज बारात आने वाली है। सूचना पर तत्काल टीम मौके पर पहुंचे तो पाया की मंडप सजा कर डीजे बज रहा है और विवाह हेतु बारात का इंतजार कर रहे है। लडकी ने बताया कि वह स्वयं इस विवाह को के लिए राजी हुई है और उस पर किसी प्रकार का दबाव नहीं है। उसके माता पिता शराब पीते। जिस पर परिजन को समझाइश दी गई। लडके पक्ष से बात करने पर संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ और ऐसा लगा कि विवाह नही रुकेगा लड़के वाले बारात ले आएगे। बाल विवाह हो जाने की आशंका को देखते हुए लडकी को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत करने हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर में आश्रय के लिए बालिका को महिला स्टाफ के साथ सूरजपुर ले जाने का पंचनामा तैयार किया गया। मौके पर मंडप उखड़वा कर बालिका को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सखी वन स्टाप सेंटर में संरक्षित किया गया है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवकों गई जान

**अम्बिकापुर।** बाइक समेत सड़क किनारे गिरने तथा बाइक के विद्युत पोल से टकरा जाने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कांसाबेल अंतर्गत ग्राम टांगरगांव निवासी एलेक्स टोप्पो आ. हेमंत टोप्पो (19 वर्ष) रविवार की शाम बाइक से गांव में घूमने निकला था। युवक जैसे ही पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित हो कर बाइक समेत सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात अम्बिकापुर रेफर कर दिया। परिजन देर रात युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

इसी प्रकार दूसरी घटना में भिट्ठी कला निवासी राजेश प्रसाद यादव आ. भूखल राम (30 वर्ष) रविवार को ग्राम लोधिमा निवासी दशरथ साहू के घर आया था। रात 11 बजे अकेले बाइक से घर जाने के लिए निकला। युवक कुछ ही दूर गया था तभी ब्रेकर से उछल कर सड़क किनारे विद्युत पोल से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बाइक, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

दूल्हा के साथ शादी कार्ड बांट कर लौट रहे बाइक सवार सड़क पर खड़े बालू लोड ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूल्हा ट्राली की चपेट में आने से बाल-बाल बचा। जानकारी के अनुसार बतौली अंतर्गत ग्राम तिरंग कोरकोटपारा निवासी मिथलेश पैकरा आ. परसाजो पैकरा (19 वर्ष) आज दोपहर अपने दोस्त सीताराम आ. आलम साय (22 वर्ष) के साथ उसके शादी का कार्ड बांटने ग्राम कोट तातापार बाइक क्रमांक सीजी 15 डीपी 6557 से गए थे। शाम को दोनों वापस घर लौट रहे थे। बाइक सवार जैसे ही शांतिपारा हाई स्कूल के समीप पहुंचे तभी सड़क पर खड़े बालू लोड ट्रैक्टर की ट्राली से टकरा गए। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चला रहे मिथलेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सीताराम को मामूली चोटे आई।



टैटू (गोदना) मिटाये
नई लेज़र तकनीक द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ईएनटी विभाग ने किया चेहरे की टूटी हड्डियों का ऑपरेशन

- अब आंख से पानी आने की समस्या का इंडोस्कोपिक सर्जरी भी उपलब्ध

**अंबिकापुर।** राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का ईएनटी विभाग भी अब अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हो चुका है जबकि विभाग में चिकित्सक भी बड़े पैमाने पर उपलब्ध है। ऐसे में मरीजों को रायपुर बिलासपुर जाने की जरुरत नहीं पड़ रही है और सरगुजा में ही निःशुल्क रूप से उनका उपचार व बड़े से बड़ा ऑपरेशन सफलता पूर्वक हो रहा है। इसी कड़ी में राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एक मरीज के चेहरे की टूटी हुई हड्डियों का सफल ऑपरेशन किया गया। मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में 48 वर्षीय मरीज को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। मरीज के चेहरे की हड्डी 6 टुकड़ों में टूटी हुई थी। ऐसे में अधिष्ठाता डॉ. आर मूर्ति व अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या के नेतृत्व में नाक कान गला विभाग द्वारा मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज को एनेस्थीसिया विभाग की अध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति के निर्देशन में डॉ. रजनी, डॉ. अजीत गुप्ता, डॉ. शिवानी की टीम द्वारा एनेस्थीसिया दिया गया जबकि ईएनटी विभाग के शल्य चिकित्सक डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता, डॉ. नेहा, डॉ. अभिषेक, डॉ. प्रेरणा द्वारा मरीज का सफल ऑपरेशन कर हड्डी को जोड़ने के साथ ही प्लेट लगाया गया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में डीन डॉ. मूर्ति के प्रयासों की बदौलत सभी शल्य विभाग में उत्कृष्ट शल्य क्रिया राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत निःशुल्क किया जा रहा है। अस्पताल में नाक कान गला रोग विभाग द्वारा विषय से संबधित सभी प्रकार की सर्जरी की जा रही है। जिसमें छोटे बच्चों की सांस की नली, आहार नली, नाक में फंसे सिक्के, बीज, बैटरी को निकाला जा रहा है। इन चीजों को समय पर नहीं निकालने व मरीज को उपचार नहीं मैंने पर गंभीर स्थिति बनती थी और उन्हें पहले इन उपचारों के लिए बाहर जाना पड़ता था। वहीं उन्होंने बताया कि अस्पताल में चेहरे की टूटी हुई हड्डियों के लिए फेसियो मेम्सीलरी सर्जरी विभाग द्वारा की जा रही है। वहीं आंख से लगातार पानी आना शिकायत की शल्य क्रिया बिना चमडी में चीरा लगाए आधुनिकतम पद्धति इन्डोस्कोपिक डीसीआर से सफलता पूर्वक किया जा रहा है। ये सभी सर्जरी मंहगी होती है व प्राईवेट अस्पताल में इसका खर्च 50 हजार से लेकर 2 लाख तक आता है।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा प्रजापति — MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा, MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर, स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम.डी. फिजीशियन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सैंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध